तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बूचीपुर में पहली बार मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती



10 दुर्ग की संस्कृति का उत्सव बना सावन मेला..



# कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण 6 अगस्त से

## पहले चरण में गणित व हिन्दी विषय शिक्षकों का होगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला शिक्षा संस्थान डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे की अध्यक्षता में विकासखंड स्तर पर कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने विषयक चारों विकासखंड बेमेतरा, बेरला, साजा, नवागढ़ के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विकासखंड स्रोत समन्वयक की एक अति आवश्यक बैठक डाइट बेमेतरा में रखी गई। जिसमें आगामी 6 अगस्त से विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि यह प्रशिक्षण कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित होगा। प्रशिक्षण के पहले चरण में गणित एवं हिंदी विषयों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 6, 7, 8, और 11, 12 अगस्त को आयोजित किये जाएंगे। प्रशिक्षार्थियों की संख्या बेमेतरा विकासखंड में गणित में 79, हिंदी में 72, बेरला विकासखंड में गणित में 92, और हिंदी में 68, नवागढ़ विकासखंड में गणित में 70, और हिंदी में 96, इसी तरह से साजा विकासखंड में गणित के 103, और हिंदी के 50, शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में दोनों विषयों के लिए तीन-तीन मास्टर ट्रेनर को ▶▶ शेष पेज 11 पर

- प्रशिक्षण के नियमित मानीटीरिंग के लिए चार नोडल अधिकारी बनाये गए



### ऑन लाइन प्रशिक्षण पर की चर्चा

ऑफलाइन प्रशिक्षण के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एक दिन ऑनलाइन के माध्यम से प्रशिक्षण संबंधी चर्चा की जाएगी। डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि सभी प्रतिभागी पाठ्य पुस्तक लेकर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप उपस्थित होंगे। सभी प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण पूर्ण तैयारी कर प्रशिक्षण में अपनी उपस्थिति देंगे। प्रशिक्षार्थी का प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट अनिवार्य रूप से लिया जावे। सभी चारों विकासखंड के लिए प्रशिक्षण की नियमित मॉनिटरिंग के लिए डाइट के चार अकादमिक सदस्यों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखंड बेमेतरा के लिए व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे, विकासखंड बेरला के लिए व्याख्याता श्रद्धा तिवारी, विकासखंड साजा के लिए व्याख्याता उषा किरण पांडेय, और विकासखंड नवागढ़ के लिए व्याख्याता राजकुमार वर्मा को नोडल ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### लिंक कोर्ट के संचालन गुरुवार और शुक्रवार को

**बेमेतरा।** जनसुविधा एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तहसील थानखम्हरिया में संचालित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा की लिंक कोर्ट के संचालन दिवसों में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में यह लिंक कोर्ट सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को आयोजित की जाती थी। संशोधित व्यवस्था के अनुसार अब यह लिंक कोर्ट माह के प्रत्येक गुरुवार एवं शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। यह परिवर्तन नागरिकों की सुविधा, न्याय प्रक्रिया की सहजता तथा प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है। उल्लेखनीय है कि लिंक कोर्ट के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के नागरिकों को न्यायिक एवं राजस्व संबंधी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे उन्हें मुख्यालय तक बार-बार न जाकर अपने कार्य समयबद्ध रूप से निपटाने की सुविधा मिलती है। जिला प्रशासन ने संशोधित तिथि की जानकारी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो और न्यायिक कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### धारदार हथियार लेकर दबंगई दिखाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर दबंगई करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि पेट्रोलिंग को सूचना मिलने पर धारदार बटनदार चाकू रखकर छावनी चौक के पास हरेली त्यौहार की रैली में पहुंचे लोगों को धमकाने वाले को पकड़ा गया। युवक का नाम वार्ड 40 छावनी निवासी टोमन यादव है। आरोपी के पास से पुलिस ने धारदार हथियार चाकू बटनदार जप्त किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नशीली दवाइयों के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के बेचने वाले को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलगांव नाला ब्रिज के नीचे मंदिर के पास में अवैध रुप से नशे की दवा को बेचते हुए युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम स्टेशन रोड दुर्ग निवासी अरविंद दास वैष्णव को बताया है। निशानदेही पर पुलिस ने नाइट्राजेन टेबलेट 10 10एमजी कुल 850 नग टेबलेट 3825 रुपये का जप्त किया गया है। इसके अलावा नगदी 650 रुपए भी मिले है। आरोपी के पास से पुलिस ने मोबाइल भी मिला है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दुर्ग कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नयापारा नदी रोड दुर्ग के पास अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम नगपुरा निवासी प्रकाश यादव बताया है। उसके पास से 22 पौवा देशी मसाला शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत 2 दो हजार 200 रुपए आंकी गई है। नगदी रकम 210 रुपए भी जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी तापेश्वर नेताम समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सामूहिक बैठक में शराब बिक्री पर लगायी पाबंदी और हटाए अवैध कब्जे

# ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री और अतिक्रमण के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खिसोरा में अवैध शराब बिक्री व अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। विदित हो कि ग्राम पंचायत खिसोरा में बीते शनिवार को ग्रामीणों ने त्योहार मनाने के साथ एक योजना बना कर विशेष बैठक कर गांव में हो रहे अवैध शराब बिक्री व अतिक्रमण कर बेजा कब्जा करने वालों पर गांव वाले ने सामूहिक निर्णय लिया।

इस तारतम्य पर ग्रामवासियों ने शनिवार को अवैध शराब बिक्री करने वाले और अतिक्रमण कर बेजा कब्जा करने वालों के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल कर गांव के सरपंच, पंच व ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अवैध शराब बिक्री और अतिक्रमण करने वालो को समझाईस देते हुए अतिक्रमण मुक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की बिक्री से गांव में अशांति फैल रही है और अतिक्रमण से सार्वजनिक जगहों पर परेशानी हो रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं कई बार तहसील बेरला, जनदर्शन कलेक्टोरेट बेमेतरा व सुशासन तिहार में आवेदन किया गया। इसके बावजूद शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। जिससे ग्रामीणों के लिए दिन व दिन समस्या बढ़ता जा रहा था।

अचानक आ कर कार्यवाही करने के हवाले देकर आश्वासन देकर चले जाते है। वही फिर दूसरे दिन से वही प्रक्रिया चालू हो जाते है। ठीक कार्रवाई होती तो बेचने वाले बेखौफ अवैध शराब बिक्री नहीं करते। वहीं गांव की नाबालिक लड़कों व नवजवान के हांथों में शराब की बोतलें दिखाई देना गंभीर समस्या बन गया था। गांव के पारधी पारा के लोगो गौठान सहित चारागाह के जमीन तक को नहीं छोड़े, इससे ग्रामीणों में गंभीर समस्या बन गया था। इस मोर्चा की जानकारी पर बेरला तहसीलदार को मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच कर उचित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण की हुए जमीन को मुक्त कराया और उन्हें समझाइस दी गई।



### नहीं बचा था चारागाह

उन्होंने बताया की पारधी पारा के लोग अवैध कब्जा कर शासकीय जमीन को घेरते ही जा रहे थे जिससे गांव में चारागाह के लिए जमीन तक नहीं बच पा रहा था। पालतू पशु के लिए खतरा बनता ही जा रहा था। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अवैध शराब बिक्री की जानकारी नजदीकी देवकर चौंकी व आबकारी वीभग सहित सुशासन तिहार में लिखित जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुए। जिससे रसूखदारों व सूदखोरों के हौसले और भी बुलन्द हो गए थे। ऐसा प्रतीत होता है कुछ बिचौलियों से प्रशासन संलिप्त होने की आशंका जताई है। साथ ही लेन-देन के आरोप भी सामने आ रहे है। जिनके कारण आज तक कार्यवाही नहीं हुए है, अगर गुपचुप तौर पर हुआ होगा तो नाम मात्र की कार्यवाही कर खानापूर्ति तक सीमित है। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि पुलिस व आबकारी के अधिकारी सही तरीके से कार्यवाही करती तो आज ये बात नहीं उठती। कहीं न कहीं शासन प्रशासन की संरक्षण व सुरक्षा पहुंच रहा है इसलिए आज तक कोई कार्यवाही होना अपने आप में सवाल बन गए है।

# युवक को कार से रौंदने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



हत्या की नीयत से एक युवक पर कार चढ़ाने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुरेन्द्र कुमार जाट (33) के रूप में हुई है, जो मटका गांव का निवासी है। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया है। घटना 11 जून की सुबह करीब 9:25 बजे की है। ग्राम मटका निवासी विकास तिवारी अपने धर्मकांटा में मौजूद था। उसी दौरान उसके पिता रामाश्रय शर्मा बोर चालू करने पीछे गए थे। तभी पड़ोसी सुरेन्द्र जाट से उनका विवाद हो गया। झगड़े की आवाज सुनकर विकास मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव कर अपने पिता को लेकर धर्मकांटा के पीछे आया।

इसी दौरान आरोपी सुरेन्द्र ने अपनी कार से विकास के ऊपर वाहन चढ़ा दिया। वह गिर पड़ा तो आरोपी ने कार को रिवर्स कर फिर से उसे कुचलने की कोशिश की। इस हमले में विकास को सीने, पेट, बाईं जांघ और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई रेफर कर दिया। वहां 5 दिन तक भर्ती रहा। विकास ने घटना की शिकायत 24 जून को सिटी कोतवाली में की। पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने टीम बनाकर जांच शुरू की। आरोपी ने पूछताछ में अपराध कबूल कर लिया। उसे 3 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड में भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली की टीम—उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, शैल शर्मा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, आरक्षक रमन चंद्राकर व अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राथमिक शाला तरके के बच्चों ने भेजीं सैनिक भाइयों को राखियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

प्राथमिक शाला तरके में मोढ़े, तरके व चरगवां संकुल चरगवां के सभी छात्रों ने सीमा पर तैनात हमारे देश की आन बान शान भारतीय सैनिकों के लिए राखी भेजा। यह अनूठा कार्य संकुल केन्द्र चरगवां व आस पास के अंचल में बच्चों के मन में देश प्रेम की भावना जागृत के उद्देश्य किया गया। संस्था के प्रधान पाठक सत्यनारायण साहू व शिक्षक भगवती प्रसाद मार्कण्डेय नेतृत्व में कार्य किया गया। इस शुभ अवसर पर थाना दाढ़ी के निरीक्षक रोशन लाल टोण्डे थाना प्रभारी दाढ़ी, आरक्षक अनिल सोनकर, फिरोज साहू, हेमप्रकाश साहू, प्राथमिक शाला चरगवां के प्रधान पाठक लीलाराम साहू, प्राथमिक शाला मोढ़े की प्रधान पाठिका भारती नेताम, प्राथमिक शाला चरघट के प्रधान पाठक शिवप्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला चरगवां के प्रधान पाठक कमलेश यादव, शिक्षक बृजेश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी दाढ़ी के द्वारा बच्चों से उनके पढ़ाई के बारे में चर्चा किया गया। एवं यातायात के नियमों में स्कूल आते जाते समय पैदल चलने की तरीका भी बताया तथा बच्चों से भविष्य में भी देश प्रेम एवं देश भक्ति की भावना बनाए रखने की अपील की। संस्था प्रमुख सत्यनारायण साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

## न्यायिक व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने शनिवार को बेमेतरा जिला न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस एमवीएलएन सुब्रहमण्यम, प्रोटोकॉल अधिकारी आरएस नेगी सहित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधीश ने बेमेतरा न्यायालय परिसर का गहन निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, भवन रखरखाव और सौंदर्यीकरण की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने जिला प्रशासन और न्यायालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि परिसर की नियमित देखरेख और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोताही न हो। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ता संघ द्वारा मुख्य न्यायाधीश का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद कर न्यायिक कार्यों में आ रही चुनौतियों और आवश्यकताओं पर जानकारी ली तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

मुख्य न्यायाधीश ने पूर्व निरीक्षण में चिन्हित समस्याओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संतोष जाहिर किया। उन्होंने निर्माणाधीन नवीन न्यायालय भवन का भी जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।



## प्रधानमंत्री आवास योजना बनी बदलाव की नींव

# प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हुआ पक्के मकान का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगर पालिका द्वारा सोमवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) फेज 2.0 के अंतर्गत भवन अनुज्ञा एवं स्वीकृति-पत्र वितरण का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में 102 नए स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा एवं स्वीकृति-पत्र प्रदान किए गए, जिससे लाभार्थियों के वर्षों पुराने पक्के घर के सपनों को साकार किया गया। इस अवसर पर विधायक साहू ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री आवास योजना



समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए एक नई रोशनी बनकर आई है। यह केवल एक आवासीय योजना नहीं, बल्कि हर गरीब परिवार को गरिमा के साथ जीने का अधिकार देने वाला परिवर्तनकारी अभियान है जो लोग वर्षों से एक पक्के घर के लिए संघर्ष कर रहे थे। आज उन्हें उनका हक मिल रहा है। यह स्वीकृति-पत्र केवल एक कागज नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, स्थायित्व और सामाजिक सुरक्षा का दस्तावेज है।

विधायक ने कहा की जब हितग्राहियों ने अपने हाथों में प्रमाण पत्र थामे उनके चेहरों की मुस्कान, आंखों की चमक और मन की संतुष्टि, जैसे वर्षों पुराना सपना आज साकार हो गया हो। उन्होंने कहा यह संभव हो पाया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के संकल्पित नेतृत्व में, जो "सशक्त भारत - सशक्त छत्तीसगढ़" की कल्पना को साकार कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा आज का नगर पालिका बेमेतरा के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 102 परिवारों को पक्के घर के सपने की ओर एक सशक्त कदम मिला है। यह सिर्फ एक योजना का वितरण नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और स्थायित्व का उत्सव है।" कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका बेमेतरा कोमल सिंह ठाकुर ने मंच से आभार प्रदर्शन करते हुए कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज क्षेत्रीय विधायक महोदय की उपस्थिति में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। हम सभी लाभार्थियों को बधाई देते हैं और आश्वस्त करते हैं कि नगर पंचायत की ओर से हर योजनागत कार्य में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाएगी।"

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम मे पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा सभापति पंचू साहू, विकास तम्बोली नीतू कोठारी चांदनी रोशन दत्ता, शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, पार्षद आकिब मलकानी, राजकुमार खाण्डे, लक्की साहू, सजनी यादव खिलेश्वरी शिव पाटिल सिमरन ताम्रकार दोहाई लाल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेमेतरा, रोहित ▶▶ शेष पेज 11 पर

# यादव समाज की बैठक में लिए समाज के हित में अहम फैसले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

यादव भवन साजा में कोसरीया यादव समाज की अहम बैठक रखा गया। यह बैठक जिला अध्यक्ष रविन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में अहम निर्णय लिए गये। जिनमें कृष्ण जन्म उत्सव सर्किल स्तर पर धूमधाम से शांतिपूर्वक मनाने, सर्किल मे यादव भवन बनाने, सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ शासन स्तर पर मांग रखने, जिला अध्यक्ष चुनाव हेतु सभी आवश्यक नियम के साथ आगामी चुनाव करने हेतु,आय व्यय संबंधी चर्चाएं की गई। मौके पर सर्किल समस्या का समाधान का प्रयास किया गया। यादव समाज को एकजुट रखने व प्रदेश नियमावली से साथ काम करने का निर्णय किया गया। इस अवसर पर सभी जिला पदाधिकारी,सर्किल पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रविन्द्र यादव सचिव रिखी यादव समेत समस्त कार्यकारणी पदाधिकारी बेमेतरा शामिल हुए।

# लोगों के विरोध से ग्राम खुड़मुड़ा में टल सकती है शराब भट्ठी का संचालन

## पालिका ने एनओसी नहीं दी, प्रस्तावित दुकान का किरायानामा भी रद्द करने आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

खुडमुडा में शराब भट्ठी संभवतः नहीं खुल पाएगी। जनविरोध को देखते हुए माना जा रहा है कि प्रशासन अब यहां शराब भट्ठी का संचालन नहीं करवा पाएगा। नगरवासियों, राजनीतिक दल बीजेपी, कांग्रेस के समर्थकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध करने के कारण अब पालिका क्षेत्र में मदिरा दुकान का संचालन नहीं होगा। कुछ दिनों पूर्व ही पालिका क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग को लेकर अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पालिका के समस्त पार्षद एवं नगरवासी आबकारी विभाग दुर्ग गए थे। साथ ही सम्बंधित अधिकारी को इसका टेंडर निरस्त करने का ज्ञापन भी सौंपा गया। अमलेश्वर नगर कांग्रेस अध्यक्ष उमेश साहू, भागी साहू, तुलाराम साहू, गिरजानंद साहू, डोमन यादव पार्षद, मालती साहू पार्षद, गिरधर साहू पार्षद प्रतिनिधि, दीपक घिघोडे पार्षद, भेजलाल सोनकर पार्षद, खूबीराज सोनकर पार्षद, राजू सोनकर पार्षद, डॉं आलोक पाल पार्षद, घनश्याम साहू पार्षद, लेखनी साहू पार्षद, पुनित राम साहू पार्षद प्रतिनिधि, हेमलाल साहू पार्षद, सेवती निषाद पार्षद, टीकम निषाद पार्षद प्रतिनिधि, नीलम मिंज पार्षद, मीना रानी चेलक, सोहन निषाद पार्षद, पार्षद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शराब भट्ठी खुलने के विरोध में लगातार धरना प्रदर्शन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### अभी भी जारी है लोगों का विरोध

उक्त सम्बंध में अफवाह उड़ रही थी कि पालिका द्वारा शराब भट्ठी खोलने के लिए एनओसी दी गई है लेकिन अब पता चला है कि ऐसा कुछ भी नहीं है। इसी तरह जिस जमीन पर शराब दुकान खोली जानी थी, वहां के भूस्वामी दामोदर सोनकर ने अपनी भूमि पर शराब दुकान खोले जाने का इकरार नामा निरस्त करने पुनः आबकारी अधिकारी दुर्ग को आवेदन दिया है। इससे शराब भट्ठी खोलने की प्रक्रिया को झटका लगा हैं। शराब भट्ठी खुलने को लेकर अभी भी राजनीतिक व समजिक लोगो का विरोध जारी हैं।



### आदेश की प्रति मिलने तक प्रदर्शन

सभी का कहना हैं कि प्रस्तावित जगह पर शराब भट्ठी खोलने नहीं दी जाएगी। प्रशासन द्वारा जब तक कोई लिखित में भट्ठी बंद होने का आदेश की प्रति नहीं मिलेगी तब तक विरोध में धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### जैन समाज ने किया तीर्थ यात्रियों का स्वागत

**दुर्ग।** 75 से अधिक जैन समाज के तीर्थ यात्री पर्वत राज सम्मेद शिखर जी की 27 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा कर दुर्ग पहुंचे। जिनका रेलवे स्टेशन पर स्थानीय सकल जैन समाज के पदाधिकारी ने स्वागत किया। शिखर जी की यात्रा का महत्व गंगासागर जी की यात्रा के महत्व के बराबर होता है इस अवसर पर मंगल आगमन कर तिलक, शाल, श्रीफल और कुमकुम लगाकर तीर्थ यात्री संघपति प्रकाश बोहरा, सुरेश पांडे, तरुण बोहरा और पंकज छाबड़ा का पूरी यात्रा में सहयोग रहा। इस अवसर पर महावीर गंगवाल, सपन गोधा, सुनीता बोहरा, सुनीता छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

### अजय आनंद के मृत शरीर का चिकित्सा अध्ययन के लिए दान



**दुर्ग।** बीएसपी के सेवानिवृत्ति शिक्षा अधिकारी अजय आनंद के मरणोपरांत उनकी पार्थिव किया चिकित्सा अध्ययन हेतु दान की गई। अजय आनंद के 88 वर्ष में निधन की सूचना परिजनों द्वारा पवन केसवानी को दी गई। पश्चात चिकित्सा अध्ययन के लिए देहदान की औपचारिकता संपन्न करवाई गई। बीएसपी के अनेक विभागों में सेवारत रहे अजय आनंद ने मानवता की भलाई के लिए देहदान का संकल्प लिया था, जिसका पालन उनके परिजनों द्वारा किया गया। उनका मृत शरीर अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जुनवानी भिलाई में अध्ययन एवं अध्यापन के लिए दान किया गया। देहदान के पूर्व एक संक्षिप्त श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। इस दौरान उपस्थित देहदानी अजय आनंद की पत्नी ललिता रानी आनंद, बेटी तनुजा महेन्द्रु, पुत्र विश्वजीत के. आनंद और प्रसंजित आनंद, पवन केसवानी, विमलेश जैन, ऋतिका आनंद, अनंत राय महेन्द्रु, अश्वनी राय महेन्द्रु, राजीव महेन्द्रु, डॉ. थॉमस सैमुअल, प्रह्लाद, वर्गीज सैमुअल, आशीष दशोरे, हेमूलाल यादव आदि मौजूद थे।

**समापन :** सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

# दुर्ग की संस्कृति का उत्सव बना सावन मेला, मिसेज सीएम झूले में बैठी

## लोकनृत्य-गीत से गूंज उठा समारोह का मंच, नागरिकों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित रिमझिम सावन मेला 2025 का समापन समारोह रविवार को केवल भवन स्टेशन रोड स्थित परिसर में धूमधाम और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी और वरिष्ठ समाजसेविका कौशल्या देवी साय उपस्थित रहीं। वहीं महापौर अलका बाघमार, रजनी बघेल, गौरी सुरेंद्र कौशिक नगर निगम की कार्यक्रम के प्रभारी हर्षिका संभव जैन मंचासीन रहे। इससे पूर्व निगम की एमआईसी सदस्यो व पार्षदों ने कौशल्या देवी साय की गरिमामय स्वागत किया। साथ ही सांसद की धर्मपत्नी रजनी बघेल, महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, गौरी सुरेंद्र कौशिक, प्रभारी हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, पूर्व विधायक की धर्म पत्नी मंजू वोरा, पूर्व महापौर की धर्म पत्नी श्वेता बकलीवाल के साथ संस्कृति कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया।

नगर निगम की पर्यटन संस्कृति विभाग व महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय सावन मेले का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कलाकारों की प्रतिभा देख अतिथिगण प्रभावित हुए। मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय ने कहा यह मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि दुर्ग की आत्मा और परंपरा का जीवंत प्रमाण है। सावन मास में ऐसा आयोजन सभी वर्गों को जोड़ता है और लोकसंस्कृति की रक्षा करता है। उन्होंने आगे कहा इस मेले ने दुर्ग शहर की पहचान को नए आयाम दिए हैं। नागरिकों की भागीदारी ही इसकी सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस आयोजन को और बड़े स्तर पर करने की आवश्यकता है। महापौर अलका बाघमार ने कहा मेले की सफलता में नागरिकों, अधिकारियों और सभी स्टॉल संचालकों का योगदान सराहनीय है। यह मेला अब सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है। अगले वर्ष और भी बड़े स्तर पर इसका आयोजन किया जाएगा।











### मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

समापन समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। मंच पर एक के बाद एक मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लोकनृत्य, भजन, समूह गायन, स्किट और नारी शक्ति पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही।

### निगम को मिला जनसमर्थन

मेले की सफलता का श्रेय जहां नगर निगम की कुशल व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, और प्रचार-प्रसार को जाता है, वहीं शहरवासियों की सहभागिता और अनुशासन भी प्रशंसनीय रहा। मेले में लगे स्टॉल्स, झूले, फूड ज़ोन और शिल्प बाजार ने आम जनता को खूब आकर्षित किया।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

मेले के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं लोकगीत, नृत्य, रंगोली, राखी निर्माण, चित्रकला एवं झूला सजावट के विजेताओं को मुख्य मंच पर प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिताओं में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 6 विजेताओं को मंच पर पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं मे प्रथम अहिल्या बाई होल्कर टीम, द्वितीय अपरेशान सिंदूर प्रस्तुति, तृतीय साइबर क्राइम प्रस्तुति रही। वहीं विशेष सम्मान शिव-पार्वती नृत्य, प्रेरणा राजपूत (डांस), मनीष ग्रुप (मेहंदी) को मिला।

# अछोली में किया गया पौधा रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

सेवा सहकारी समिति मर्यादित अछोली में रविवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, प्राधिकृत अध्यक्ष सनत कुमार सेन, जनपद सदस्य नीरज राजपूत, गौकरण साहू, भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भोलाशंकर वर्मा, आईटीसेल जिला संयोजक सौरभ मिश्रा, समिति प्रबंधक मनहरन साहू सहित अनेकों भाजपाई नेता सम्मिलित हुए। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अन्य लोगों को भी इस अभियान के साथ-साथ पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक करें। ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकें। वही पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने बताया कि पर्यावरण और समुदाय के लिए एक सकारात्मक कदम जरूरी है।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, यह धरती को हरा-भरा बनाने और भावी पीढिय़ों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने का एक संकल्प है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस पहल में शामिल होकर छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव लाएं। भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण योजना निकाल कर प्रदेश को हरा-भरा करने व पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण करने के लिए प्रेरित कर रहे है। यह हमारा कर्तव्य है कि हमें भी भारत सरकार की साथ चलते हुए हम सब को पौधारोपण करना जरूरी है।

## शिशु मंदिर में मनाई आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग की वरिष्ठ व्याख्याता भौतिकी डॉ. रचना सिंह थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का हुआ। मुख्य अतिथि ने विज्ञान से जुड़े तथ्यों, घटनाओं को अपने शब्दों में विवेचना की तथा आचार्य प्रफुल्ल चंद्र के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मनोज दानी ने किया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा स्वनिर्मित चार्ट तथा विज्ञान से जुड़े प्रयोगों को छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समारोह में दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर पालिक निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एक अधिकारी एवं 2 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। निगम मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्यपालान अभियंता वीपी मिश्रा, लिपिक कोमल व सफाई कर्मी रेणुका को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। महापौर एवं आयुक्त ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही निगम हित में किए गए उनके सराहनीय कार्यों को याद किये। बिदाई कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य काशीराम कोसरे, मनीष साहू, हर्षिका जैन, पार्षद मनीषा सोनी, लुकेश्वरी ठाकुर, रेशमा सोनकर, पायल पाटिल, प्रतिभा गुप्ता, नीरा खिचारिया, शिवेंद्र परिहार, प्रमोद पाटिल, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, गिरीश दीवान सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंदसौर से आए कृषि अधिकारियों ने जिले के लिनन प्रयोगशाला का किया भ्रमण

**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र स्थित लिनन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक्स (लिनन प्रयोगशाला) इकाई का भ्रमण करने के लिए मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले से कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ एवं अधिकारीगण पहुंचे।



यह भ्रमण शैक्षणिक एवं तकनीकी ज्ञानवर्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। मंदसौर कृषि विज्ञान केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजेश गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चर अमिता धाकड़ एवं एफपीओएस मंदसौर एग्रो इंडस्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से राकेश पाटीदार इस भ्रमण दल में शामिल हुए। उन्होंने महाविद्यालय की लिनन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक्स इकाई का निरीक्षण किया और अलसी के डंठल (स्टॉक्स) से धागा निर्माण तथा उससे कपड़ा तैयार करने की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भडारकर ने अतिथियों को लिनन इकाई की स्थापना, उसके उद्देश्य, तकनीकी पहलुओं और नवाचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. टी. डी. साहू ने लिनन निर्माण की चरणबद्ध प्रक्रिया जैसे रेटिंग, ड्रायिंग, ब्रेकिंग, स्कचिंग एवं स्पिनिंग आदि को विस्तारपूर्वक समझाया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में सह-प्राध्यापक डॉ. यू. के. ध्रुव एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. साक्षी बजाज भी उपस्थित रहीं। मंदसौर से आए अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अलसी जैसे परंपरागत फसल से इस प्रकार का नवाचार किसानों की आय में वृद्धि के लिए प्रेरक साबित हो सकता है। भविष्य में इस तकनीक के आदान-प्रदान और अनुसंधान सहयोग की संभावनाओं को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। इस तरह का आपसी संवाद कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक उपयोगी प्रयास माना जा रहा है।

**जिला साहू संघ दुर्ग की वार्षिक आमसभा, पूर्व गृहमंत्री हुए शामिल**

# जिला साहू संघ की आमसभा में पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला साहू संघ दुर्ग की वार्षिक आम सभा का आयोजन जिला साहू सदन केलाबाड़ी में जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण भगवान एवं कर्मा माता की पूजा एवं आरती से की गई। उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

■ साहू सदन केलाबाड़ी में किया गया कार्यक्रम

स्वागत भाषण जिला उपाध्यक्ष कृष्णा साहू द्वारा दिया गया। तत्पश्चात वर्षिक आम सभा मे पिछले वर्ष के आय व्यय व ऑडिट रिपोर्ट का व्यौरा कोषाध्यक्ष दिलीप साहू द्वारा दिया गया। महासचिव राकेश साहू द्वारा विगत वर्ष में हुए कार्यक्रमो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू द्वारा अपने 3 वर्ष के कार्यकाल के बारे में बताया गया उन्होंने समाज के सभी व्यक्तियों पदाधिकारियो संरक्षक सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं तहसील के सभी अध्यक्षों का नारियल एवं शाल से सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में अश्वनी साहू प्रदेश प्रतिनिधि, लालसिंग साहू, जिला मीडिया प्रभारी राकेश साहू, छात्रावास अधीक्षक सुनील साहू तहसील अध्यक्ष पोषण साहू, कार्यालय सचिव चंद्रकांत, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक टिका राम साहू, जेपी साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका देवश्री साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक अजय चौधरी, न्याय प्रकोष्ठ देवेंद्र साहू, पीआर सार्वा, प्रमोद साहू, शोभाराम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू, चंद्रकांत साहू, नवीन साहू, लालन साहू, बिट्टू साहू, एवं अश्वनी साहू, एवं आजीवन सदस्यगण, जिला, तहसील, साहू संघ के पदाधिकारीगण, कार्यकारणी के सदस्यगण एवं सभी प्रकोष्ठों के संयोजकगण एवं तहसील अध्यक्ष एवं उनके समस्त पदाधिकारी उपस्थिति थे। आभार प्रदर्शन मंजू साहू द्वारा किया गया। तथा राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन किया गया।



### नैतिकता के साथ निभाएं जिम्मेदारी : दयाराम

पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने कहा कि समाज के सभी वर्ग को उनके कार्य के अनुसार जो जिम्मेदारी मिलती है। नैतिकता के साथ निभाये मंच में अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष साहू संघ एवं सलाहकार भीखम साहू, प्रदेश साहू संघ के सलाहकार रमेश साहू, प्रदेश महामंत्री लखन साहू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू, जिला सलाहकार श्रीमती रागिनी साहू मौजूद थे।

### समाज को नई दिशा दे ऐसी नीति बनें

मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि सामाजिक कार्य करने वालों का सम्मान जरूरी है। नया कार्य योजना बनाना चाहिये जो समाज में नई दिशा प्रदान करे ऐसे नीति बनना चाहिए जो समाज के हित मे हो। विशेष अतिथि तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू कहा की ओबीसी समाज में साहू समाज में सबसे बड़े समाज के रूप में है एवं साहू समाज बहुत शालीन एवं सभ्य समाज है। शासन द्वारा गठित तेलघानी विकास बोर्ड के माध्यम से रोजगार मिलेगा जिससे सभी वर्गों को फायदा मिलेगा।

# जल जीवन मिशन : ग्राम रुदा में एकल ग्राम योजना स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दुर्ग अंतर्गत ग्राम रूदा विकासखंड दुर्ग में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना का कार्य स्वीकृत है, जिसका अनुबंध एजेन्सी मेसर्स कमल कुमार अग्रवाल रायपुर के साथ किया गया है। साथ ही 12 दिसम्बर 2022 को कार्यादेश जारी किया गया है। अनुबंध में दो ग्राम रुदा और मासाभाट शामिल है।

■ 35 किलोलीटर की क्षमता 12 स्टेजिंग की बनेंगी टैंक

पीएचई के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार अनुबंध की कुल राशि 123.74 लाख है, जिसमें ग्राम रुदा के लिए अनुबंधित राशि 65.389 लाख है। वर्तमान में उपरोक्त अनुबंध में कार्य के लिए कोई भुगतान नहीं किया गया है। जब योजना से शत-प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई होगी तब भुगतान किया जाएगा। कार्य एजेन्सी को 9 माह का समय दिया गया था। ग्राम में 35 किली क्षमता, 12 मी स्टेजिंग की जिंक एल्यूमिनियम एलॉय टैंक का निर्माण किया जाना है। टंकी निर्माण कार्य की लागत 10.98 लाख है। टंकी के अलावा घरेलू नल कनेक्शन, पाईप लाईन का कार्य किया गया है। रुदा, निकुम समूह जलप्रदाय योजना में शामिल है। योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित नहीं की गई है। ठेकेदार के अनुबंध में ही आरसीसी स्ट्रक्चर के ऊपर टंकी लगाने का कार्य शामिल है।

## खबर संक्षेप

### भोरमदेव में शंखनाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**कवर्धा।** सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जिला कबीरधाम के घोष विभाग द्वारा शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर कुल 24 वादकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आनक, शंख ,वेणु, ताल, प्रणव, कुल छः रचनाएं शंख रचना किरण, उदय, श्रीराम, वेणु रचना प्रयोग एक, प्रयोग दो कार्यक्रम में आनक, वेणु, प्रणव एवं ताल के साथ सामूहिक घोष वादन प्रस्तुत किया गया। जिला घोष प्रमुख मनहरण वरबे ने बताया कि शंखनाद कार्यक्रम का यह दूसरा वर्ष है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का घोष वादन स्वयं सेवकों के मन में उत्साह, साहस और उमंग का संचार करता है। इसे रणघोष भी कहा जाता है, जो युद्धकाल में उत्साह एवं वीरता जागृत करने वाला संगीत रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे स्वयं सेवकों की शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी तथा वे किसी भी आपदा की परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रहेंगे। भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को देखकर जनसामान्य मंत्रमुग्ध होकर आनंदित हो उठे। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह रवि वर्मा, दुर्ग विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख,जिला घोष प्रमुख मनहरण वरबे, जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख बीरेलाल पटेल, सह जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, पूर्व घोष प्रमुख ललित ठाकुर, घोष वादक दल तथा बाल एवं ज्येष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### गुरुकुल में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता



**कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल न केवल अकादमिक शिक्षण कार्य पर ध्यान देता है अपितु शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देता है जिसमें क्रीड़ा प्रतियोगिताएं भी महत्वपूर्ण है। इसी कड़ी में विद्यालय द्वारा जिला स्तरीय अंडर 19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कवर्धा जिले के साथ-साथ बेमेतरा, छुईखदान व अन्य जिलों के 13 शालाओं के लगभग 200 विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता अतिथि के रूप में नितेश छाबड़ा कवर्धा, प्रियेश चौबे कवर्धा, संस्था के पदाधिकारी गण व शाला के प्राचार्य मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया एवं समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच स्वामी आत्मानंद बोड़ला एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा टीम बी के बीच हुआ जिसका स्कोर 00-02 हुआ जिसमें गुरूकुल ने पहला मैच जीता। इस प्रतियोगिता का सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 05 अगस्त 2025 को गुरुकुल पब्लिक स्कूल के फुटवाल मैदान में खेला जायेगा। संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्राचार्य ने इस आयोजन पर प्रतिभागियों को हार्दिक बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

### समिति ने धूमधाम से मनाया जड़ी बूटी दिवस

**कवर्धा।** 4 अगस्त को पूरा भारत वर्ष हमेशा से जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाते आ रहा है। जड़ी बूटी दिवस वर्तमान युग के धन्वंतरि आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। वहीं महिला पतंजलि योग समिति की बहनों ने भारत माता चौंक महामाया मंदिर परिसर कवर्धा में स्टॉल लगाकर औषधीय पौधें गिलोय, नीम, तुलसी, बेल, एलोवेरा, नींबू जैसे अनेक पौधों का लोगों को इनके लाभ को बताते हुए वितरित किया। इस कार्यक्रम में 500 औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इसके साथ साथ अशोका योग क्लास एवं शारदा संगीत विद्यालय में बहनों के द्वारा पौधा रोपण का कार्य किया गया । साथ ही भोरमदेव मंदिर परिसर में बहनों के द्वारा नींबू शर्बत का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी उमा, भारत स्वाभिमान महामंत्री ज्योति, महिला पतंजलि योग समिति की महामंत्री विनीता, निशा, संध्या जायसवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम अंतर्गत संचालित आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों, आश्रमों की निगरानी और सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में तहसील पंडरिया के जनप्रतिनिधि रतिराम भट्ट को भी सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। समिति का गठन आदिवासी तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा छात्रावास, आश्रमों की गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा और सुधार के उद्देश्य से किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कबीरधाम द्वारा आदेश जारी किया गया। समिति में कुल 15 सदस्य शामिल हैं, जिनमें कलेक्टर कबीरधाम अध्यक्ष के रूप में जबकि जिला पंचायत, जनपद, विधायक प्रतिनिधि, विद्युत विभागों के अधिकारी तथा समाजसेवी और शिक्षकगण को भी सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है।

## पेज 9 के शेष

### कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों ...

व्यवस्था की गई है। यह प्रशिक्षण कुल पांच दिवस का यानी 30 घंटे का होगा। एक शिक्षक को एक विषय में ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। भले ही वह एक से अधिक विषय पढ़ाते हो। इसी तरह से विकासखंड नवागढ़ में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ को प्रशिक्षण स्थल बनाया गया है। प्रशिक्षण का समय सुबह 9:30 बजे से 5:30 घंटे याने प्रतिदिन यह प्रशिक्षण 6 घंटे का आयोजित होगा। प्रशिक्षार्थी के लिए सभी विकासखंड में दोनों समय चाय और दोपहर में भोजन की व्यवस्था रहेगी। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में बेमेतरा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग, साजा के बीईओ निलेश कुमार चंद्रवंशी, बेरला के बीईओ जयप्रकाश करमाकर, बेरला के बीआरसी खोम लाल साहू बेमेतरा के बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू नवागढ़ के बीआरसी राम साहू और साजा के बीआरसी बी बघेल सहित डाइट के अकादमिक सदस्य उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी उपस्थित रहे।

### ऑन लाइन ...

अधिकारी बनाया गया है। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिवेदन सभी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी के माध्यम से डाइट को उपलब्ध कराएंगे। चारों विकासखंड में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल का भी चयन कर लिया गया है। बेमेतरा विकासखंड में शासकीय हाई स्कूल खिलोरा, बेरला विकासखंड में बीआरसी भवन बेरला और सेजेस बेरला, साजा विकासखंड में से सेजेस साजा, शासकीय हाईस्कूल परसबोड़ और बीआरसी भवन साजा को प्रशिक्षण स्थल बनाया गया है।

### इनकी रही ...

साहू, धर्मेंद्र साहू कमलेश वर्मा गोपी देवांगन दिनानाथ साहू राजीव तम्बोली कोमल ठाकुर, इंजीनियर भोला राम पटेल ,सी एल टी सी हर्षित साहू,सर्वेयर- विनय , नारायण , हुलास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, अधिकारी एवं लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष वर्मा द्वारा किया गया।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- भोरमदेव, डोंगरिया व पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में मेला जैसा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले और अंचल के प्रमुख शिवालयों में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भोरमदेव मंदिर, डोंगरिया स्थित जालेश्वर महादेव और कवर्धा के सिद्धपीठ पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर सहित अंचल के अन्य शिवधामों में उमड़ पड़ी। भोलेनाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार तड़के ही श्रद्धालु शिवालयों की ओर कूच करने लगे थे। महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आए। शिवभक्तों ने विधिविधान से रुद्राभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया। बेलपत्र, नारियल, पुष्प और माला अर्पित कर भगवान से सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। विशेष रूप से अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा कर पहुंचे सैकड़ों कांवड़ियों ने भी इन प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण की। उनका उत्साह देखते ही बनता था। भक्ति में लीन कांवड़ियों के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रावण मास का यह अंतिम सोमवार अंचल में भव्य और ऐतिहासिक रहा। दिनभर मंदिरों में भक्तों की आवाजाही बनी रही, और देर रात तक पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्वास्थ्य और प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था की गई थी। भीड़ और श्रद्धा का ऐसा नजारा था कि भोरमदेव मंदिर, जालेश्वर महादेव मंदिर और पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में मेला जैसा दृश्य दिखाई दिया। स्थानीय दुकानदारों और अस्थायी विक्रेताओं के लिए यह दिन व्यापारिक दृष्टि से भी खास रहा। यह धार्मिक आयोजन न केवल लोगों की आस्था का परिचायक बना बल्कि सामाजिक समरसता और शांति का प्रतीक भी सिद्ध हुआ। शिवभक्तों का यह समर्पण श्रावण मास की महिमा को और भी विशेष बना दिया।

### गौरकापा प्राचीन शिव मंदिर में रही आस्था की भीड़



**कोदवागोडान।** कबीरधाम जिले के पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौरकापा स्थित प्राचीन और प्रसिद्ध शिव मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवार को दिन भर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर आस्थावान भक्तों ने आशुतोष भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की और मत्था टेका। गौरकापा धाम के थानापति महंत विवेकगिरि महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक सावन सोमवार को यहां बड़ी संख्या में दर्शन और शिवार्चन करने वाले भक्तों का आवागमन लगा रहा। भोले बाबा के प्रति श्रद्धा रखने वाले क्षेत्रीय भक्तों के अलावा काफी दूर दूर से भी आम और खास लोग यहां आकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर की ओर से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन की हर संभव सुविधा और मार्गदर्शन के साथ साथ उनके प्रसाद की समुचित व्यवस्था का समुचित ध्यान रखा जाता है। पूरे सावन महीने भर गौरकापा शिव मंदिर में जलाभिषेक करने अमरकंटक से जल लेकर बोल बम का नारा लगाते हुए भगवा वस्त्र धारी कांवड़िए सैकड़ों की संख्या में आते हैं जिनके भोजन जलपान और ठहरने की समुचित व्यवस्था यहां के सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह में रहती है। इस वर्ष यहां क्षेत्र की लोकप्रिय और प्रदेश की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी अपनी अमरकंटक से भोरमदेव तक की जलाभिषेक पदयात्रा के तहत तीन सौ कांवड़ियों के साथ यहां आकर जलाभिषेक और रात्रि विश्राम किया। अंतिम सोमवार को यहां लगभग ढाई सौ की संख्या में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया!

**आयोजन:** पालकी यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

# कवर्धा नगर में निकाली गई महाकाल की भव्य पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को धर्मनगरी कवर्धा में महाकाल पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

यहां बताना लाजिमी होगा कि धर्मनगरी कवर्धा में हर हर शंकर जय जय शंकर सेवा समिति द्वारा विगत तीन वर्षो से उज्जैन के तर्ज पर भगवान महाकाल की पालकी कवर्धा नगर में निकाली जा रही है। इस वर्ष समिति के मुख्य संयोजक उमंग पाण्डेय सहित समिति के तत्वाधान में सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय, राष्ट्रकल्याण, गौ रक्षा गौ माता राष्ट्र माता के संकल्पओं को लेकर महाकाल की पालकी यात्रा निकाली गई।

यात्रा का शुभारंभ बुढ़ामहादेव मंदिर तथा श्री राम जानकी प्रभु देवालय में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शहर भ्रमण के लिए निकली। इस दौरान भगवान भोलेनाथ की आकर्षक व मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई साथ यात्रा के दौरान हैरतअंगेज अखाड़े का भी प्रदर्शन किया गया। यात्रा के शहर भ्रमण के बाद देरशाम भारत माता चौक पहुंचने पर यहां भगवान महाकाल की श्रद्धाभक्ति के साथ भस्म आरती एवं शाही आरती कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

### पालकी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह





गाजे बाजे, डीजे साउंड, आतिषी धमाकों के साथ कवर्धा नगर में निकाली गई इस महाकाल की पालकी यात्रा में शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पालकी यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त डीजे की धुन में झूमते नाचते चल रहे थे। यात्रा के बुढ़ामाहदेव मंदिर तथा राम जानकी प्रभु देवलाय से प्रारंभ होने के बाद लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। इस दौरान लोगों ने जगह जगह भगवान महाकाल की पूजा अर्चना की। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पालकी साथ तथा शहर के प्रमुख व संवेदनशील ईलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। हालांकि पालकी यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। पालकी यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला।



# घुघरी मिनी स्टेडियम में डिप्टी सीएम ने घुमाया बल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरी के मिनी स्टेडियम में शनिवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम का नजारा उस वक्त खेल के रंग में रंग गया, जब उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्रिकेट मैदान में बल्ला थाम लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जब ग्राउंड और वहाँ अभ्यास कर रहे स्थानीय खिलाड़ियों को देख रहे थे, तभी कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उनसे कहा, सर, एक शॉट तो बनता है! यह सुनते ही उपमुख्यमंत्री मुस्कराए और बल्ला उठाकर पिच पर जा पहुंचे। कलेक्टर श्री वर्मा ने गेंद डाली और उपमुख्यमंत्री ने शानदार ड्राइव खेलते हुए छक्का जैसा शॉट जड़ दिया। उनके इस शॉट पर उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों और खिलाड़ियों ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आज के इस आयोजन में उन्होंने यह साबित कर दिया कि जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे खेल भावना से भी जुड़े हुए हैं। उनके खेल प्रेम को देखकर युवा खिलाड़ियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बचपन से ही क्रिकेट के जबरदस्त शौकीन रहे हैं। उन्होंने अपने छात्र जीवन में अनेक स्थानीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और अपने लम्बे-लम्बे शॉट्स के लिए चर्चित रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि खेल और पर्यावरण, दोनों ही स्वस्थ समाज के दो मजबूत आधार हैं। हमें दोनों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन और युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# टीचर्स एसोसिएशन की डीईओ से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के स्थानीय समस्याओं उच्च शिक्षा, अन्य सेवा व प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति व अनापत्ति पत्र, परिवीक्षा अवधि समाप्ति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा अपना पक्ष रखे जाने के बाद डीईओ ने आश्वस्त किया कि वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सहायक शिक्षकों व प्राथमिक प्रधान पाठकों का अनुमति पत्र इसी महीने की आखिरी तक जारी कर दिया जाएगा, साथ ही शिक्षक, मिडिल प्रधान पाठक व व्याख्याता का आवेदन संयुक्त संचालक व लोक शिक्षण संचालनालय को अग्रेषित कर दिया जाएगा। विगत सत्र 2024-25 के शिक्षकों के लंबित अनुमति पत्र हेतु संयुक्त संचालक को सूची के साथ अवगत कराया जाएगा। स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु अनापत्ति पत्र पांच अगस्त तक जारी कर दिया जाएगा। तीन साल की सेवा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके सहायक शिक्षक व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला की परिवीक्षा अवधि समाप्ति आदेश वर्तमान अगस्त माह में ही जारी होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, भागवत कौशिक, चिंताराम पटेल, चतुर मेरावी, अनिल पाण्डेय, नरेंद्र चंद्रोल, नंद सोनी, लक्ष्मण मिरी, रामावतार बघेल, पंकज तिवारी, देवदास धृतलहरे, श्रीधर शर्मा, अशोक देवांगन आदि उपस्थित थे।

# बोड़ला सेक्टर में कांग्रेस प्रभारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 02 श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर का पोड़ी में आगमन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पितांबर वर्मा ने की।

इस दौरान पोड़ी, बोड़ला, खरहट्टा एवं मड़मड़ा सेक्टरों के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नेतागण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन कर मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर तक सशक्त ढांचा तैयार करना था। सभी कार्यकर्ताओं से संवाद कर यह तय किया गया कि संगठनात्मक मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता को साथ लेकर चलना होगा। सभी ने यह संकल्प लिया कि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व और विचारों को जन-जन तक ले जाना है। कांग्रेस पार्टी केवल सत्ता की नहीं, न्याय की लड़ाई की पार्टी है। जहां भी अन्याय होगा, कांग्रेस जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर संगठनात्मक कार्यों में एकजुटता लानी है और हर वर्ग, खासकर कमजोर एवं वंचित तबकों की आवाज को बुलंद करने के लिए तैयार रहना है।

यह बैठक कांग्रेस संगठन को निचले स्तर से पुनः जीवंत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष पितांबर वर्मा, कवर्धा ग्रामीण प्रभारी शिवप्रसाद वर्मा मन्नू चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी वरिष्ठ समाज सेवक, रामगोपाल चंद्राकर, जिला सचिव , मन्नू चंद्राकर, विजय पांडे, रामचरण साहू, संतोष चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

**ग्रामीण विकास और सामाजिक एकता को मिलेगा नया आयाम**

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने घुघरीकला में किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरीकला में पटेल समाज सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों, समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा पूजा-अर्चना कर भवन को आमजन के उपयोग के लिए समर्पित किया।

इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर गोपाल वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन, युवक-युवतियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह सामुदायिक भवन न केवल पटेल समाज के लिए, बल्कि सम्पूर्ण ग्रामवासियों के लिए एक उपयोगी और समर्पित स्थल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग की पहचान, गरिमा और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाएं प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के भवन सामाजिक एकता, पारिवारिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक बैठकों के आयोजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि पटेल समाज का योगदान कृषि, सामाजिक सेवा और लोकजीवन में हमेशा प्रेरणादायी रहा है। यह सामुदायिक भवन उनके सामाजिक आयोजनों के साथ-साथ युवा पीढ़ी को एक सकारात्मक दिशा देने में भी मददगार होगा।

उन्होंने समाज के सदस्यों से अपील की कि वे इस भवन का उपयोग समाजहित और ग्रामहित में करें। सभी ने भवन के निर्माण को लेकर प्रसन्नता जाहिर की और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री से विभिन्न स्थानीय समस्याओं के समाधान की भी मांग रखी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# दो परिवारों को 8 लाख आर्थिक सहायता मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लीलादादर निवासी रविकुमार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां सुन्दरिया बाई को और कवर्धा अनुविभाग के ग्राम जमुनिया निवासी शिवचरण की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि अश्वनी को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

**खबर संक्षेप**

## तपिश से लोग परेशान बारिश के आसार नहीं

**राजनांदगांव।** मौसम में आए बदलाव का दौर अगले कुछ दिन और ऐसे ही जारी रहने के आसार दिखाई दे रहे हैं। विभाग के अनुसार बेहतर बारिश का सिस्टम अंचल में नहीं बनने की वजह से अभी उमस से गुजरना होगा। सोमवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री से अधिक पर रहा।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा, केनिंग और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम विहार और उससे लगे उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश के ऊपर 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। प्रदेश में कल 5 अगस्त को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम कार्यालय, चक्काजाम भी

**राजनांदगांव।** मुर्गी खाद की बदबू से परेशान ग्राम पंचायत खपरीखुर्द के आश्रित ग्राम चवेली के ग्रामीणों ने आज एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीण यहां मुर्गी बीट से भरी हाईवा वाहन लेकर पहुंचे थे। चवेली के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव करते गांव के समीप ही संचालित पोल्ट्री खाद डंपिंग यार्ड को बंद करने की मांग की। यहां पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के दिनों में डंप बीट पानी से बहकर जल स्त्रोतों में मिल रहा है। जिसकी वजह से तालाब और हैंडपंप के पानी से बदबू आ रही है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते अपना विरोध जताया है।

**निधन**

## जानकी वर्मा



**बेरला।** उपतहसील भिंभौरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरहोली के भाजपा कार्यकर्ता प्रह्लाद वर्मा की माता जानकी वर्मा की आकस्मिक निधन हो गए। उनके परिवार में भावभीनी का माहौल बन गए। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सुरहोली में सोमवार को किया गया।

# जलाभिषेक के लिए विधायक ईश्वर साहू ने 18 किमी पदयात्रा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सावन माह के अंतिम सोमवार को साजा से सहसपुर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। विधायक ईश्वर साहू ने सपरिवार कांवड़ उठाकर 18 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए सहसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु साजा स्थित महामाया मंदिर प्रांगण में एकत्र हुए। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल कलश भरकर यात्रा की शुरुआत हुई। कांवड़ यात्रा तेंदूभाठा, मोहगांव, देवकर होते हुए सहसपुर पहुंची, जहां हर गांव में ग्रामीणों ने फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी कांवड़ लेकर पदयात्रा में शामिल हुईं, जिससे आयोजन और भी भव्य और प्रेरणादायक बन गया। गंतव्य सहसपुर पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने कांवड़ियों का ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ स्वागत किया। मंदिर परिसर में भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल आयोजन में विधायक ईश्वर साहू के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य, जीत सिंह, हरिशंकर टावरी, मंडल अध्यक्ष बुलॉक साहू, केशव पटेल, नारद वर्मा, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, लुकराम साहू, त्रिलोकी साहू, नेतराम, और नगर पंचायत साजा के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए।

**भव्य कांवड़ यात्रा का विधायक ने किया आयोजन**





### पर्व : नगर से लेकर गांव तक शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

# अंतिम सोमवार पर शिवमय हुआ बेमेतरा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन मास का अंतिम सोमवार जिलेभर के शिवभक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक उल्लास का अवसर बन गया। सुबह चार बजे से ही लोग घाटों और कुंओं से गंगाजल व निर्मल जल लेकर मंदिरों की ओर कांवड़ यात्रा करते देखे गए। प्रमुख शिवालयों में घंटियों की ध्वनि, मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

बेमेतरा क शिव मंदिरों में सोमवार को भव्य रुद्राभिषेक व सामूहिक रुद्रपाठ हुआ। स्थानीय ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह से दोपहर तक अभिषेक का दौर चला। मंदिर समिति द्वारा भंडारे और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। मंदिर के पुजारी बताया कि श्रावण के अंतिम सोमवार का विशेष महत्व होता है। आज हजारों श्रद्धालुओं ने जल व दुग्ध से महादेव का अभिषेक कर परिवार की मंगलकामना की।

**बूढ़ेश्वर महादेव शिवालय में अभिषेक:** नवागढ़ के बूढ़ेश्वर महादेव शिव मंदिर में देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। शिव भक्त मनीष सेन ने बतायाकि हर वर्ष हम सावन सोमवार को व्रत रखते हैं, लेकिन अंतिम सोमवार का अनुभव सबसे विशेष होता है। आज तो जैसे भगवान शिव स्वयं प्रकट हो गए हों।



**बेरला: शिव मंदिर में हुआ भव्य रुद्राभिषेक:** बेरला ब्लॉक मुख्यालय स्थित महादेव मंदिर में पचास से अधिक ग्रामों के श्रद्धालु पहुंचे। ग्रामों की टोली बनाकर भक्त जल कलश लेकर जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुँचे। यहां सामूहिक पूजन, अभिषेक और भजन संध्या का आयोजन हुआ। **प्रशासन और पुलिस व्यवस्था सराहनीय रही :** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने प्रमुख शिवालयों के आसपास यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की थी। पुलिस जवानों को भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात किया गया था। नगरपालिका व जनपद पंचायतों ने साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था की।



## भेड़नी से देवरबीजा तक निकाली कांवड़ यात्रा, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने किया जलाभिषेक

**बेमेतरा।** सावन माह के अंतिम सोमवार को ग्राम भेड़नी स्थित नर्मदा कुंड से देवरबीजा के प्राचीन शिव मंदिर तक पारंपरिक कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। यह कांवड़ यात्रा लगातार आठवें वर्ष आयोजित की गई। छाबड़ा विगत वर्षों से इस धार्मिक आयोजन से जुड़े रहे हैं। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने /"बोल बम/" के जयघोष के साथ पूरे मार्ग को भक्ति भाव से गुंजायमान कर दिया। पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि सावन भगवान शंकर की आराधना का पावन अवसर है। इस यात्रा के माध्यम से पूरे अंचल की खुशहाली और समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि शिवधाम की यह पदयात्रा आत्मिक संतोष और सामाजिक समरसता का अद्भुत अनुभव कराती है।

# आनंदगांव में निकाली ऐतिहासिक विशाल कांवड़ पदयात्रा

**बेमेतरा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोल बम कांवड़ यात्रा समिति द्वारा भव्य कांवड़ पद यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं आस्था के साथ भाग लिया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत ग्राम आनंदगांव से हुई, जो तेलगा, बारगांव, पाहंदा, अच्छोली, जमघट, चेटूवा, सहगांव, खुड़मुड़ा, भरदा और मुड़पार होते हुए सोमनाथ धाम पहुंची।

- हर-हर महादेव और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा सोमनाथ धाम

इस पुण्य अवसर पर बेमेतरा विधायक माननीय श्री दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। ग्राम अच्छोली स्थित सेवा सहकारी समिति परिसर में विधायक साहू द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर कांवड़ यात्रा में श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। उन्होंने शिवभक्तों के साथ मिलकर "हर हर महादेव" के जयघोष में भावविभोर होकर भक्ति रस में झूमते हुए यात्रा की शोभा बढ़ाई। यात्रा का मुख्य आकर्षण जय माँ शाकंभरी जस बइहा झांकी परिवार, भिलाई द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक झांकी रही, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

### दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

सोमनाथ मंदिर में विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति में श्रद्धालुओं ने विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी और शिवनाथ नदी में नौका विहार का आनंद लिया एवं गंगा मैया की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक दीपेश साहू ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा श्रावण मास शिव आराधना का महापर्व है। कांवड़ यात्रा एक आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस यात्रा में जन-जन की आस्था और ऊर्जा देखने लायक थी। मैं बोल बम समिति और समस्त ग्रामवासियों को इस अद्भुत आयोजन के लिए हृदय से बधाई देता हुं। यात्रा के समापन पर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक साहू ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित कर सेवा का संदेश दिया।

इस विशाल आयोजन में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भोलाशंकर वर्मा, भाजपा भींभौरी मंडल महामंत्री पोषण वर्मा, भाजपा आई.टी. सेल जिला संयोजक सौरभ मिश्रा, सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य गौकरण साहू, प्रतिनिधि खेलन साहू, नीरज राजपूत, लालू साहू, रोहित साहू, राहुल साहू, सहित युवा मोर्चा, मंडल, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा वरिष्ठ नेता और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। बोल बम समिति द्वारा किए गए इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया बल्कि सामाजिक एकता और प्रकृति संरक्षण जैसे उद्देश्यों को भी सार्थक रूप से आगे बढ़ाया।

# जिला स्तर पर गोस्वामी तुलसीदास का 528 वां जन्मोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला इकाई द्वारा एक दिवसीय गोस्वामी तुलसीदासजी का 528वां जन्मोत्सव एवं अलंकार समारोह का आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण में हुआ। अलंकरण समारोह में बेमेतरा जिला के चारों विकास खण्डों से पधारे हुए जो 25 वर्षों से श्रीरामचरितमानस के आयोजन, संगठन, संगीत एवं व्याख्या में सेवा देने वाले 150 मानस पथिकों को श्री तुलसी साहित्य अलंकरण पत्रक, श्रीफल, गमछा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया व तुलसी मानस प्रतिष्ठान के 51 आजीवन सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र देकर अपने कर कमलों से सम्मानित किया।

- 51 मानस मंडली के सदस्य आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित

मुख्य अतिथि तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख, पं. शिवकुमार पाठक, हरिदास महाराज , घनश्याम सिंह ठाकुर कर्मा सम्राट, अशोक मिश्रा, मानस मणि ठोकेलाल देवांगन, राम राजेश साहू, थम्हनदास अस्तूरे, रिझन सिंह सेन गुरुजी, त्रेता चंद्राकर विनायकपुर, लिलार सिन्हा एवं अनिल रजक के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जगदीश देशमुख ने कहा कि श्रीरामचरितमानस तुलसी की चेतना से अवतरित विश्व वंदनीय महाकाव्य है जो मानवीय जगत को मनुष्य होने का बोध कराता है इसलिए राम और राम कथा आज भी शाश्वत और प्रासंगिक है उन्होंने जिला इकाई बेमेतरा संगठन को सराहा। श्रीराम मंदिर मुख्य पुजारी पं. शिवकुमार पाठक ने कहा कि अध्यात्म के लिए श्रीरामचरितमानस का पठन-पाठन संस्कार प्रबल करने पर ही हमें आत्म दर्शन हो सकता है जिससे समाज का कल्याण संभव है। प्रदेश सलाहकार त्रेता चंद्राकर के द्वारा श्रीरामचरितमानस में से प्रेरक प्रसंग के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास जी के संदेश को अपनी व्यवहारिक जीवन में संजोने का संदेश दिया। मानस मणि ठोकेलाल देवांगन ने कहा कि गोस्वामी जी के जीवन चरित्र के पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए उनके कष्टमय जीवन को भावपूर्ण जन समुदाय के बीच में संदेश को रखा जिसे श्रोताओं ने अत्यंत ही गंभीरता से सुने। बालोद जिला अध्यक्ष लिलार सिन्हा ने कहा कि गोस्वामी जी के प्रेरणा स्त्रोत रत्नावली हैं रत्नावली के पावन प्रसंग को लेकर ज्ञान भक्ति वैराग्य के विषय में प्रभावी तरीके से विचार रखें। मानस मर्मज्ञ राम राजेश साहू द्वारा युग तुलसी रामकिंकर जी महाराज एवं मुरारी बापू को माध्यम बनाकर प्रत्येक लोगों को तुलसीदास जी के काव्य से जीवन में चरितार्थ करना चाहिए। पं.अशोक मिश्रा ने कहा कि भवसागर से तरने के लिए भजन कीर्तन नाम स्मरण ही सार है। जिला संरक्षक हरिदास महाराज ने कहा कि श्रीरामचरितमानस ही ऐसा ग्रंथ है जिससे अपने जीवन मे आत्मसात कर अपना कल्याण कर सकते हैं। जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान सनातन संगठन है जिससे प्रत्येक व्यक्ति को जुड़ना चाहिए और अपने धर्म की रक्षा करना चाहिए। कार्यक्रम में राम रसिया मानस परिवार चमारी, आदर्श मानस मंडली सेमरिया, श्रीराम जानकी मानस परिवार बेमेतरा, शक्ति संगम मानस मंडली भिंभौरी, जय शीतला मानस मंडली सेमरिया, वीना महिला मानस मंडली सिंघौरी, जय संतोषी महिला मानस मंडली खाल्हे देवरी, सुर समृद्धि भजन मंडली बेमेतरा एवं जय बजरंग मानस परिवार सनकपाट की मंडली ने मनमोहक प्रस्तुति दिए। कार्यक्रम संचालन मानस मर्मज्ञ रिझन सिंह सेन गुरुजी एवं आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष अनिल रजक एवं बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू द्वारा किया गया।

# श्रीरामकृष्ण मंदिर में किया शिवमहापुराण कथा का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के हृदय स्थल स्थित प्राचीन श्रीरामकृष्ण मंदिर में इन दिनों श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म से परिपूर्ण वातावरण में किया जा रहा है। रविवार को कथावाचक संत गणेश्वर शास्त्री ने भगवान शिव के अर्धनारीश्वर प्राकट्य की प्रेरणादायक कथा का गूढ़, प्रभावशाली और भावपूर्ण वर्णन किया।

संत गणेश्वर शास्त्री जी ने कहा कि अर्धनारीश्वर स्वरूप केवल एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि यह जीवन का गहरा आध्यात्मिक संदेश है। शिव और शक्ति का यह अद्वैत रूप हमें यह सिखाता है कि स्त्री और पुरुष जब तक परस्पर पूरक नहीं बनते, तब तक सृष्टि का संतुलन अधूरा रहता है। यह समरसता ही संपूर्णता का प्रतीक है। शिवमहापुराण में वर्णित प्रसंग हमारे अंदर छिपे द्वंद्व को समाप्त कर आत्मिक संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर महंत सुरेन्द्र दास सहित विभिन्न मठों से पधारे संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कथा मंडप को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नगर के प्रमुख विकास धर दीवान ने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि नवागढ़ केवल एक नगर नहीं, बल्कि एक जीवंत धर्मनगरी है जहाँ संत परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति की गहराई अब भी जीवित है। शिवमहापुराण जैसी कथाएँ जनमानस को न केवल धार्मिक चेतना देती हैं, बल्कि सामाजिक संतुलन और आध्यात्मिक शांति का मार्ग भी दिखाती हैं। दीवान ने आयोजन समिति को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कथा पंडाल मंत्रोच्चार, भजन और शिव-भक्ति के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान नगर पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष सिद्धांत चौहान, मिंटू बिसेन, पं शेखर शर्मा, लक्ष्मीचंद जैन, बबलू ताम्रकार, पुजारी गंगादास, जेजी गोस्वामी, विद्यानंद जायसवाल, अरुण बरनवाल, हेमकांत यादव, नंददास वैष्णव, उमाशंकर शर्मा, विनोद मिश्रा, आनंद तम्बोली, कुमार वर्मा, खेलन यादव, रामभरोस सिन्हा, शिव वैष्णव, अजय शर्मा, दिनेश रजक, सोम तम्बोली, मोनू यादव, प्रज्ञान वर्मा, ओम सिन्हा, चित्रांश, तुषार, गुलाब पाल, भविष्य राज़, योगराज साहू, अंशु ठाकुर सहित भक्तजन उपस्थित रहे।



### श्रीराम मंदिर परिसर समीप किया पौधारोपण

**नवागढ़।** श्रीराम मंदिर नवागढ़ के समीप सोमवार को पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की भावना के तहत पौधे लगाए गए। इस दौरान समाजसेवी मिंटू बिसेन व अन्य उपस्थित रहे।

# धर्म भूमि मुक्ति अभियान को मिली ऐतिहासिक सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धर्म, संस्कृति और सनातन परंपरा की रक्षा हेतु समर्पित धर्म स्तंभ काउंसिल के "धर्म भूमि मुक्ति अभियान" को आज एक ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई। नवागढ़ स्थित रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा की वह बहुमूल्य धर्मभूमि, जो पिछले चार दशकों से अवैध कब्जाधारियों के नियंत्रण में थी, उसे आज प्रशासनिक सहयोग से मुक्त कराया गया। इस कार्य में धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरभ निर्वाणी के नेतृत्व में लगातार संघर्ष चलता रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के त्वरित निर्देशों के परिणामस्वरूप, यह मुक्ति अभियान सफलता तक पहुंचा। वैष्णव सम्प्रदाय निर्वाणी अखाड़ा की नवागढ़ रामजानकी मंदिर की संपत्ति नवागढ़ के अलावा बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद में है जो मंदिर को समय समय पर दान में श्रद्धालुओं द्वारा समर्पित की गई थी, महंत सुरेंद्र दास ने कहा है कि धर्म स्तंभ कौंसिल के मदद से रामजानकी मंदिर के अन्यत्र स्थित खेतिहर जमीनों को भी अवैध कब्जों से मुक्त कराया जायेगा। वहीं राजधानी के स्टेशन रोड पर स्थित जमीन पर एक भव्य धर्मशाला का निर्माण होगा, जिसमें बेमेतरा नवागढ़ साजा के सनातन भाई बहन रुक सकेंगे साथ ही साथ संत महात्माओं के लिए यज्ञ हवन शाला के साथ विशेष परिसर का निर्माण भी किया जाएगा।

- नवागढ़ रामजानकी मंदिर की करोड़ों की राजधानी स्थित भूमि हुई

**नर्मदा कुंड की तपोभूमि – सनातन की सजीव धाराः** रामजानकी मंदिर परिसर में स्थित नर्मदा कुंड केवल जलस्त्रोत नहीं, अपितु सनातन संत परंपरा की जीवंत धारा है। यहां निर्वाणी अखाड़े के संन्यासी वर्षों से तप, ध्यान और पूजन करते रहे हैं। यह धरा संतों की सेवा, भंडारा, भक्ति और जनकल्याण की प्रेरणा देती आई है। रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा के महंत सुरेंद्र दास ने इस ऐतिहासिक मुक्ति के लिए धर्म स्तंभ काउंसिल का आभार जताया और कहा किःयह केवल भूमि की वापसी नहीं, यह आस्था की पुनर्स्थापना है। आने वाली पीढ़ियाँ इस संकल्प को याद करेंगी। इस अभियान के दौरान धर्म स्तंभ काउंसिल के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रवींद्र द्विवेदी, ऋतेश साहू, कृष्ण वैष्णव, डॉ. शंकर पुष्पकार, अविनाश चंद्र मिश्रा लगातार 8 से 10 घंटे विशेष रूप से उपस्थित रहे और निरंतर भूमिका निभाई।

### क्षेत्र की मानस मंडलियों ने लिया हिस्सा

# बूचीपुर में पहली बार मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विकासखंड नवागढ़ के ग्राम बूचीपुर स्थित प्राचीन महामाया धाम में रविवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश मानस प्रेमी परिवार संगठन ब्लॉक इकाई नवागढ़ एवं महामाया मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानस महोत्सव में क्षेत्र की विभिन्न मानस मंडलियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके पश्चात जय मां कंकालिन दर्रीपारा नवागढ़, मितवा मानस परिवार करमसेन, सत्संग डोंगहार अमलडीहा, शिवकृपा महिला मंडली मुरता और ज्योति मानस परिवार खामही ने सस्वर मानस गान की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। ब्लॉक अध्यक्ष भागवत निर्मलकर ने बताया कि बूचीपुर में पहली बार तुलसी जयंती पर इस स्तर का आयोजन हुआ है। संस्था तीज-त्योहारों पर अन्य ग्रामों में भी इस प्रकार के आयोजन करेगी। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस की महिमा पर प्रकाश डालते हुए संस्था के सलाहकार रामकुमार साहू ने कहा कि श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम की वाङ्मय मूर्ति है, जिसके सातों कांड श्रीराम के अंग हैं। अध्यक्ष ओंकार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानस गायन की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर आचार्य नेहरू गोस्वामी संस्थापक, नारायण निषाद प्रदेश महामंत्री, डूम्मन सिंह साहू सचिव, हनुमान तिवारी जिला सांस्कृतिक प्रभारी, मुरारी साहू, दिलीप जायसवाल, शिव साहू जनपद सदस्य, डॉ. रामसनेही वर्मा, परमेश्वर पाण्डेय, कल्याणी सेन मंच संचालन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

